# कार्यालयः— जिला कार्यक्रम अधिकारी, गाजियाबाद।

पत्रांकः— C-288 / जि0का0अधि0 / आं0बा0स्था0 / 2026—27 दिनॉक -17/07/,2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या— 1 / 1092245 / 2025 / 3313 / 58—1—2025 ( 1917687 ) दिनांक 17 सितम्बर, 2025 में वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद गाजियाबाद में संचालित बाल विकास परियोजनाओं में शहरी / ग्रामीण परिक्षेत्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री एवं आंगनबाड़ी सहायिकाओं के मानदेय पर आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती प्रकिया के अन्तर्गत विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आंमत्रित किये जाते हैं। जनपद गाजियाबाद में आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री व आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों का परियोजनावार विवरण निम्नवत है:—

| आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री के रिक्त पदों की संख्या | | | आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों की संख्या | | |
|---|---|---|---|---|---|
| कम सं0 | परियोजना का नाम | आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री के कुल रिक्त पद | कम सं0 | परियोजना का नाम | आंगनबाड़ी सहायिकाओं के रिक्त पद |
| 1 | भोजपुर | 28 | 1 | भोजपुर | 62 |
| 2 | शहर, गाजियाबाद | 64 | 2 | शहर, गाजियाबाद | 128 |
| 3 | लोनी | 31 | 3 | लोनी | 68 |
| 4 | मुरादनगर | 22 | 4 | मुरादनगर | 34 |
| 5 | रजापुर | 22 | 5 | रजापुर | 49 |
| योग | | 167 | | योग | 341 |

उपरोक्त पदों का ग्रामसभा / वार्डवार विवरण एवं आरक्षण सहित अर्हता का पूर्ण विवरण जनपद गाजियाबाद के कलेक्ट्रेट, विकास भवन ,तहसील, जिला कार्यकम कार्यालय (बाल विकास) एवं विकास खण्ड स्तर पर बाल विकास परियोजना कार्यालय, खण्ड विकास अधिकारी, कार्यालय इत्यादि कार्यालयों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है, साथ ही विस्तृत विवरण विभागीय वेबसाईट http://upanganwadibharti.in पर अपलोड है। आवेदन करते समय शासनादेश संख्या— 1 / 1092245 / 2025 / 3313 / 58—1—2025 ( 1917687 ) दिनांक 17 सितम्बर, 2025 का गहन अध्ययन करने के उपरान्त आवेदन करें। उक्त शासनादेश के आधार पर ही सम्पूर्ण भर्ती प्रक्रिया पूर्ण की जायेगी।

विज्ञापित पदों की अर्हता एवं आवेदन पत्र भरने हेतु विशेष निर्देश:—

1. विज्ञापित पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होगें।
2. आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री / आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट एवं उसके समकक्ष तथा अधिकतम शैक्षिक योग्यता परास्नातक होगी।
3. आवेदिका को रिक्त पद के वार्ड (शहर क्षेत्र में) / ग्रामसभा की स्थायी निवासी एवं ग्रामसभा में उक्त श्रेणी में पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की स्थिति में सम्बन्धित न्याय पंचायत की स्थायी निवासी होना अनिवार्य है।
4. आवेदिका की आयु निर्धारित कट ऑफ डेट दिनॉक 01 जुलाई, 2026 को न्यूनतम 18 वर्ष एवं 35 वर्ष से अधिक नही होना चाहिए।
5. विज्ञापित पदों हेतु केवल विभागीय वेबसाईट http://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र निर्धारित समयावधि के अन्तर्गत स्वीकार्य होगें। ऑफलाईन आवेदन पत्र / अन्य कोई भी अभिलेख किसी भी दशा में मान्य / स्वीकार नहीं किये जायेगें।

6. विज्ञापित पदों हेतु ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 7, अगस्त 2026 के मध्य रात्रि 12:00 बजे तक मान्य होगी।
7. उपरोक्त विज्ञापित पदों की अर्हता एवं आवेदन करने की प्रकिया सहित विस्तृत प्रपत्र एवं विभागीय वेबसाईट **http://upanganwadibharti.in** पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी हेतु विकास खण्ड के बाल विकास परियोजना कार्यालय अथवा विकास भवन में जिला कार्यक्रम अधिकारी (बाल विकास) कार्यालय से किसी भी कार्यालय दिवस में निर्धारित समयान्तर्गत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

**जिला कार्यक्रम अधिकारी,**
**गाजियाबाद।**

**पृष्ठांकन संख्या तद्दिनांकित।**

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0 लखनऊ।
2. जिलाधिकारी, महोदय गाजियाबाद।
3. मुख्य विकास अधिकारी, महोदय गाजियाबाद।
4. जिला सूचना अधिकारी, गाजियाबाद को इस अनुरोध के साथ कि अपने स्तर से आवश्यक कार्यवाही करने का का कष्ट करें।
5. सम्पादक, अमर उजाला गाजियबाद की सेवा में इस अनुरोध के साथ कि दैनिक अमर उजाला समाचार पत्र के आगामी अंक में उक्त का प्रकाशन शासकीय दरों पर कम से कम स्थान पर प्रकाशित कराते हुए बिल भुगतान हेतु दो प्रतियों में प्रेषित करने क कष्ट करें।
6. सम्पादक, दैनिक हिन्ट, गाजियाबाद की सेवा में इस अनुरोध के साथ कि दैनिक हिन्ट समाचार पत्र के आगामी अंक में उक्त का प्रकाशन शासकीय दरों पर कम से कम स्थान पर प्रकाशित कराते हुए बिल भुगतान हेतु दो प्रतियों में प्रेषित करने क कष्ट करें।
7. समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी जनपद गाजियाबाद को इस आशय से कि उपरोक्त के सम्बंध में व्यापक प्रचार–प्रसार कराया जाना सुनिश्चित करें।

**जिला कार्यक्रम अधिकारी,**
**गाजियाबाद।**